26.01.2024

प्रेस-विज्ञप्ति

शुभ पावन एवं स्वाभिमान से गौरवान्वित करने वाले वर्ष 2024 में गणतंत्र दिवस के अवसर पर समस्त सदस्यों की खुशी पराकाष्ठा तक पहुंच गयी जब वर्ष का प्रारंभ ही प्रभु श्री राम लाल के नूतन विग्रह में प्राण प्रतिष्ठा के साथ हो गया हो। रामलाल विग्रह का प्राण प्रतिष्ठित होना, भारतीय सांस्कृतिक पुनर्जागरण के नए युग की शुरुआत है। इस वर्ष हम एक नए युग में प्रवेश कर चुके हैं, नवयुग जी निश्चित रूप से ही उत्सवयुक्त एवं मंगलकारी होगा।

आज गणतंत्र दिवस के अवसर पर दिनांक 26 जनवरी 2024 प्रातः बेला में मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश, कानपुर परिसर में चैम्बर की वीमेन एंटरप्रेन्योर समिति की सलाहकार श्रीमती वर्षा सिंघानिया जी द्वारा झंडारोहण किया गया। झंडारोहण के पश्चात उपस्थित समस्त सदस्यों ने राष्ट्रगान "जन गण मन...." एक शंखनाद में गाकर देश के गौरवशाली इतिहास एवं समस्त जनों को अभिमानित करने वाले जनों के मानस पटल में जीवन्त एवं ऐतिहासिक पुरोधाओ को नमन कर देश के सर्वहित हेतु मंगल कामना की।

श्रीमती वर्षा सिंघानिया ने जय श्री राम के उद्घोष के साथ, भारत माता की जय बोलकर राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे को प्रणाम करते हुए उपस्थित समस्त गणमान्य को आभार व्यक्त किया और कहा कि वह चैम्बर के समस्त सदस्यों की सहृदय धन्यवाद व्यक्त करती है कि उन्हें चैम्बर द्वारा भारत के सर्व सम्मानित ध्वज को फहराने का कार्यभार सौंपा गया।

इस अवसर पर मर्चेंट चेंबर उत्तर प्रदेश के पूर्व अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन, श्री आशीष चौहान, श्री सुशील शर्मा, श्री संतोष कुमार गुप्ता, श्री उमेश पांडे, श्री टीकम चन्द सेठिया, श्री चिन्मय पाठक, चैम्बर के सचिव श्री महेंद्र नाथ मोदी एवं चेंबर के अधिकांश सदस्य उपस्थित रहे।